# कार्यालय अभिलेखागार अनुभाग, नगर निगम सहारनपुर।

पत्रांकः- 118 /रि0अनु0/न0नि0सहा0/2025-26 दिनांकः-05 जनवरी, 2026

**-: अति अल्पकालीन निविदा सूचना :-**

नगर आयुक्त महोदय नगर निगम सहारनपुर की ओर से अभिलेखागार अनुभाग में कार्य/आपूर्ति कराये जाने हेतु ई-निविदा दिनांक 05.01.2026 को वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर डबल बिड सिस्टम से (टेक्निकल/फाइनेंशियल) ऑनलाईन के माध्यम से आमन्त्रित की जाती है, टैण्डर मूल्य, धरोहर धनराशि वेबसाईट etender.up.nic.in पर ही ऑनलाईन के माध्यम से ही प्राप्त की जायेगी। पेन नम्बर, जी0एस0टी0 निविदा प्रपत्र में उल्लेखित शर्तो में मांगे गये अन्य समस्त प्रपत्र निविदादाता को ऑनलाइन टैक्निकल बिड में अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रपत्र अपलोड न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी, जिस हेतु कोई क्लेम मान्य नही होगा। ऑनलाईन टेक्निकल निविदा दिनांक 09.01.2026 एंव उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। विस्तृत शर्ते, विवरण, एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in एवं www.saharanpurnagarnigam.com पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| E-Bid Referance | /निविदा/2025-26 दिनांकः- जनवरी, 2026 |
| Publish Date and time for RFP | दिनांक 05.01.2026 से |
| Last Date time for submission of E-Bids | दिनांक 09.01.2026 को अपरान्हः 02:00 बजे तक |
| Date and time of Technical opening bids | दिनांक 09.01.2026 को 03:00 बजे तक |
| Palace of opening of E-bids | Record Room, Nagar nigam Saharanpur |

नोटः- बिना अग्रिम जमा धनराशि/टेण्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

Digitally signed by
JAY PRAKASH YADAV
Date: 05-01-2026
18:27:40

प्रभारी रिकार्ड
नगर निगम सहारनपुर

प्रतिलिपिः-

1. मा0 महापौर महोदय को सादर सूचनार्थ।
2. नगर आयुक्त महोदय को सादर सूचनार्थ।
3. लेखाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. आई0टी0 ऑफिसर को इस आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. निविदा लिपिक को इस आशय से कि, उक्त निविदाओं का त्रुटि रहित अपलोड करना सुनिश्चित करें।
6. प्रवन्धक **दैनिक हिन्दुस्तान** व **दैनिक शाह टाईम्स** समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना का प्रकाशन अपने समाचार पत्र में कम से कम स्पेस 9 फॉन्ट (10"x10") में डीएवीपी दर/शासकीय दर प्रकाशित बिल कराकर, बिल की 03 प्रतियों सहित भुगतान हेतु अधिक प्रस्तुत करें। यदि आपके द्वारा उक्त निविदा का प्रकाशन अधिक फॉन्ट में नहीं कराया जाता है तो उसका भुगतान नहीं किया जायेगा। जिस हेतु कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।
7. सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।

प्रभारी रिकार्ड
नगर निगम सहारनपुर

Scanned with OKEN Scanner

# नगर निगम, सहारनपुर।

| क्र. सं. | पत्रावली संख्या | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | धरोहर राशि | टैण्डर का मूल्य मय जी.एस.टी. (रूपये) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | R.R.18/2025-26 | ई-ऑफिस के संचालन हेतु डिजिटल हस्ताक्षर (डी0एस0सी0) बनवाये जाने का कार्य। | - | 10000.00 | 590-00 | 31 मार्च 2027 |

निविदा शर्ते :-

1. निविदादाता को टैण्डर मूल्य, धरोहर धनराशि वेबसाईट etender.up.nic.in पर ऑनलाईन जमा करनी होगी। बिना टैण्डर मूल्य, धरोहर राशि के निविदा मान्य नहीं होगी व सशर्त निविदा पर भी विचार नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी एवं एक बार प्रस्तुत की गयी निविदा वापस नहीं होगी।
3. निविदादाता को जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड, आधार कार्ड, निर्धारत स्टाम्प मय नोटरी ऑनलाईन निविदा में अपलोड करने अनिवार्य होगें।
4. निविदादाता को अंकन 100/- रूपये का स्टाम्प पेपर नोटरी द्वारा सत्यापित सर्व घोषणा प्रपत्र/शपथ पत्र देना होगा।
5. ऑनलाईन प्राप्त धनराशि सफल निविदादाता से अनुबन्ध के उपरान्त समान धनराशि एफ0डी0आर0 जो नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर के नाम बन्धक होगी प्राप्त होते ही मुक्त कर दी जायेगी।
6. कोई निविदा प्रपत्र निविदा बॉक्स में नहीं डाली जायेगी। समस्त प्रपत्र ऑनलाईन अपलोड करना होगा। समस्त वाहित प्रपत्र की मूल प्रति निविदा खोले जाने के समय मांगी जा सकती है। मूल शपथ पत्र किसी कार्य दिवस में जमा किया जा सकता है अथवा मांगे जाने पर निविदादाता द्वारा उपलब्ध कराना होगा।
7. निविदादाता को अंकन 100/- रू0 के स्टाम्प पेपर नोटरी द्वारा सत्यापित सर्वघोषणा प्रपत्र/शपथ पत्र किसी भी विभाग में Debar न होने, किसी विभाग का बकाया न होने एवं किसी भी विभाग में ब्लैक लिस्ट न होने के सम्बन्ध में देना होगा। शपथ पत्र निविदा तिथि प्रारम्भ होने के उपरान्त की तिथि का ही मान्य होगा। स्टाम्प पेपर नगर निगम सहारनपुर के नाम से क्रय किया जाना आवश्यक है। साथ ही शपथ पत्र में पत्रावली/बिड संख्या एवं कार्य के नाम का उल्लेख होना भी आवश्यक है। ऐसा उल्लेख न होने की दशा में निविदा मान्य नहीं होगी।
8. यह कि निविदादाता को निविदा दस्तावेजों के प्रत्येक पृष्ठों पर मोहर सहित हस्ताक्षर करने होंगे। जिससे निविदा के प्रत्येक शब्द पर निविदादाता की सहमति माना जायें।
9. डिजिटल हस्ताक्षर (डी0एस0सी0) की अवधि 2 वर्ष की होगी व सभी डिजिटल हस्ताक्षर (डी0एस0सी0) की जारी दिनांक व अंतिम दिनांक (System Generated Report) का विवरण देना होगा।
10. निविदा के साथ अपना नाम, पत्राचार का पता, टेलीफोन/मो0 नं0, ईमेल आदि दर्ज करना होगा।
11. नगर आयुक्त को जनहित में किसी भी शर्त को परिवर्तित करने अथवा संशोधित करने का अधिकार होगा। यदि कोई संशोधन होता है तो इसकी सूचना निविदा वेबसाईट पर ही दी जायेगी। अलग से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पर निगरानी रखें।
12. फर्म का चयन डबल बिड सिस्टम के द्वारा किया जायेगा। फर्म की तकनीकी शर्त पूरी हो जाने के बाद ही फर्म का चयन न्यूनतम निविदादाता के अनुसार ही किया जायेगा।
13. शर्त पूरी नहीं करने वाली निविदा एवं सशर्त किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और उसकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
14. निविदादाता को कार्य/आपूर्ति तत्काल भी करनी पड़ सकती हैं। निविदादाता को कोई आपत्ति नहीं होगी।
15. निविदादाता के द्वारा प्राप्त दरें जी0एस0टी0 व सभी व्यय सहित होगी, अन्य किसी भी प्रकार का कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।
16. यह कि निविदादाता द्वारा प्राप्त न्यूनतम दरों पर 31 मार्च 2027 तक आपूर्ति की जानी अनिवार्य होगी। यदि ऐसा नहीं किया जाता हैं तो निविदा निरस्त करते हुए जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी और भुगतान भी देय नहीं होगा तथा ब्लैक लिस्टेड किये जाने की कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी। उपरोक्त दरें वित्तीय वर्ष 2025-26 के अवशेष माह व वित्तीय वर्ष 2026-27 तक मान्य होगी। दरे वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2027 तक मान्य होगी। दरों मे कोई भी परिवर्तन नही किया जायेगा।
17. निविदा में किसी भी विभाग के द्वारा बकायेदार/ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार निविदा में प्रतिभाग नही कर सकेगें।
18. निर्धारित अवधि में कार्य/आपूर्ति पूर्ण न करने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म को ब्लैक लिस्ट करने पर विचार किया जायेगा। जिस पर नगर आयुक्त द्वारा गुण-दोष के आधार पर निर्णय लिया जायेगा, जो सभी को मान्य होगा।

Scanned with OKEN Scanner

19. शासनादेश संख्या टी0सी0/314/8/डी0एल0बी0/2020 दिनांक 01.01.2021 के क्रम में अंकन 10-10 रूपये के 02 स्टाम्प पेपर पर क्रमशः उक्त समस्त पत्र जो निविदा के साथ संलग्न है, सही है या अन्य कोई विवाद 90 दिन से किसी न्यायालय में योजित नहीं है।
20. किसी भी तरह का बकाया ठेकेदार/निविदादाता की तरफ रहने पर उस बकाया धनराशि को बकाया भू-राजस्व की तरफ वसूल किया जायेगा।
21. ठेकेदार/निविदादाता को पर्याप्त मूल्य के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध कराना होगा। स्टाम्प की कमी पाये जाने पर केवल निविदादाता/ठेकेदार ही जिम्मेदार होगा। इसलिए ठेकेदार का उत्तरदायित्व होगा कि वह सहायक आयुक्त स्टाम्प से स्टाम्प पेपर के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें।
22. किसी भी शर्त के उल्लघन करने पर जुर्माना करने, जमा धनराशि जब्त कर ठेका निरस्त करने और फर्म को प्रतिबन्धित ब्लैक लिस्ट करने का अधिकार नगर आयुक्त को होगा।
23. उक्त निविदा से सम्बन्धित जानकारी रिकार्ड अनुभाग, नगर निगम, सहारनपुर में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।
24. किसी भी वाद विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय मा0 न्यायलय सहारनपुर का होगा जो किस भी शर्त के ठेकेदार को मान्य होगा।
25. किसी भी निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त में निहित होगा।

05/01/2026
(आलोक कुमार सैनी)
रिकार्ड कीपर
8477008002

05/01/2026
(जय प्रकाश यादव)
प्रभारी रिकार्ड
9999992604

5/1/26
(प्रदीप कुमार यादव)
वरिष्ठ रिकॉर्ड प्रभारी/अपर नगर आयुक्त
8477008003

**निविदा पुनरीक्षण समिति :-**

05/01/2026
(अजमैन)
ज्येष्ठ लेखा परीक्षक
9454202035

5/1/2026
(जय प्रकाश यादव)
प्रभारी रिकार्ड
9999992604

5 Jan-2026
(मनोज कुमार त्रिपाठी)
लेखाधिकारी
8451206800

5.1.2026
(मृत्युजय)
अपर नगर आयुक्त
9415431296

Scanned with OKEN Scanner